भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन

विषय - राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली में उचित प्रविष्टियां

दिनांक - 23 अगस्त 2023

भा.वा.अ.शि.प. के सभागार में दिनांक 23 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प., देहरादून एवं भा.वा.अ.शि.प. - वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के कार्मिकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. गीता जोशी, स.म.नि. (मी.व.वि.) ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला का विषय 'राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली में उचित प्रविष्टियां' था जिस पर जानकारी देने के लिए श्री एम. एन. भट्ट, पूर्व प्रबंधक (राजभाषा) को आमंत्रित किया गया था। श्री भट्ट ने निरीक्षण प्रश्नावली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को इसे सही तरीके से भरने के बारे में बिंदुवार जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यालय द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को प्रकाश में लाने हेतु निरीक्षण प्रश्नावली एक मुख्य दस्तावेज है। किसी भी कार्यालय की हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति जानने हेतु संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष यही निरीक्षण प्रश्नावली प्रस्तुत की जाती है। इसलिए इसे ध्यानपूर्वक भरा जाना अत्यंत ही आवश्यक है। कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा निदेशक (राजभाषा) ने किया। इस कार्यशाला में कुल 35 अधिकारियों/कार्मिकों ने भाग लिया।